दैनिक भास्कर 14/09/2024

# जीएमएन कॉलेज में इंटर्नशिप शुरू करेगा वायु फाउंडेशन




**अम्बाला** | गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज और वायु फाउंडेशन के बीच एमओयू हुआ है। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि वायु फाउंडेशन एक गैर लाभकारी संगठन है। फाउंडेशन ने जीएमएन कॉलेज परिसर में कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। इस समझौते के अंतर्गत विद्यार्थियों को इंटर्नशिप का अवसर प्राप्त होगा। इंटर्नशिप विद्यार्थियों को व्यावसायिक दुनिया में सफल होने के लिए आवश्यक कौशलों को विकसित करने में मदद करती है और उन्हें अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए तैयार करती है। डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि समझौते के अंतर्गत वायु फाउंडेशन के सहयोग से महाविद्यालय में विभिन्न कोर्स आरंभ किए जाएंगे जो विद्यार्थियों के कौशल विकास में बहुत लाभकारी साबित होंगे।